दिनांक 27.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

जोन–1 कार्यालय के अंतर्गत वार्डों में चल रहे विकास कार्य की समीक्षा अधीक्षण अभियंता श्री आर के साहू ने ली

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के अधीक्षण अभियंता श्री आरके साहू ने स्वच्छ भारत मिशन में भिलाई को नंबर एक पायदान में लाने एवं जोन कार्यालय के विभिन्न वार्डों में चल रहे विकास कार्य की समीक्षा जोन कार्यालय नेहरू नगर में अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में ली।

श्री साहू ने आज नेहरू नगर जोन कार्यालय के अंतर्गत विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान साफ सफाई व्यवस्था के साथ साथ सड़क निर्माण संधारण कार्य सहित अन्य विकास कार्य का निरीक्षण किया गया निरीक्षण पश्चात श्री साहू ने नेहरू जोन से संबंधित आयुक्त सहायक अभियंता अभियंता सहायक राजस्व अधिकारी स्वच्छता निरीक्षक स्वच्छता पर्यवेक्षक सहित विभागीय अन्य अधिकारी कर्मचारियों की बैठक ली गई बैठक में सर्वप्रथम जोन आयुक्त श्री बागडे ने वार्ड वार चल रहे विभिन्न विकास कार्यो के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की तथा निरीक्षक के द्वारा साफ सफाई व्यवस्था के साथ–साथ रात्रि कालीन में भी किए जा रहे सफाई व्यवस्था से अवगत कराया राजस्व वसूली के संबंध में भी जानकारी प्रस्तुत की गई श्री साहू ने ज़ोन में पदस्थ समस्त अधिकारी कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत भिलाई को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए जाने के संबंध में आप लोग अधिक से अधिक नागरिकों से भेंट कर स्वच्छता एप डाउनलोड करावे तथा नागरिकों द्वारा किए जा रहे शिकायत का भी निराकरण 24 घंटे के अंदर मौके का निरीक्षण का समस्या का निदान हो ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

जनसम्पर्क अधिकारी